**<u>न्यायालय— सिविल जज(जू0डि0), मोहम्मदी—खीरी।</u>**
**प्रा0दी0संख्या—663 / 2013**
सी0एन0आर0नं0—यू0पी0एल0पी0—120064222023

श्रीमती लता बनाम श्रीमती विमलेश आदि।

**<u>05.11.2024</u>**

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर वादिनी अनुपस्थित। प्रतिवादी उपस्थित। पत्रावली के परिशीलन से विदित है कि विगत कई तिथियों से प्रस्तुत वाद में वादिनी की ओर से कोई उपस्थित नहीं आ रहा है। आज भी बार—बार पुकार कराने पर प्रार्थिनी की ओर से उपस्थित कोई नहीं और न ही अनुपस्थिति दर्शाने हेतु कोई स्थगन प्रा0पत्र इत्यादि प्रस्तुत किया गया है। वादिनी को उपस्थित होने हेतु न्यायालय द्वारा न्यायहित में पर्याप्त अवसर प्रदान किये जा चुके हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि वादिनी प्रस्तुत वाद को आगे चलाना नहीं चाहती है। अतः मामले के संपूर्ण तथ्यों एवं परिस्थितियों को देखते हुये प्रस्तुत वाद वादिनी की अनुपस्थिति में खारिज किये जाने योग्य है।

**<u>आदेश</u>**

प्रस्तुत वाद वादिनी की अनुपस्थिति में खारिज किया जाता है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(अक्षिता)
सिविल जज (जू0डि0)
मोहम्मदी खीरी।
जे0ओ0कोड—यू0पी03582